# शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में JRF/NET/SET पर कार्यशाला का आयोजन

आज दिनांक 7/3/2025 दिन शुक्रवार को शास. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन व राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा  JRF/NET/SET पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान के अलावा इतिहास, अर्थशास्त्र,अंग्रेजी के छात्रों ने भी इस कार्यशाला का लाभ लिया । दो दिवसीय कार्यशाला का आज प्रथम दिन था जिसमें वक्ता के रूप में महाविद्यालय के ही भूतपूर्व छात्र जिन्होंने स्वयं JRF/NET की परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हें आमंत्रित किया। दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस पर वक्ता सागर सोनी, वीणा सिन्हा तथा ईश्वरी शर्मा के द्वारा NET की परीक्षा के प्रथम प्रश्न पत्र की तैयारी हेतु संपूर्ण जानकारी दी गई इसके पश्चात् समीर भारती तथा गीतांजलि साहू द्वारा द्वितीय प्रश्न पत्र राजनीति विज्ञान की तैयारी हेतु अपनी रणनीति साझा करते हुए संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान की तथा वक्ताओं को उनके योगदान हेतु बधाई देते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी,विभाग से डॉ. राजकुमार बंजारे, श्री संजय सप्तर्षि डॉ. भारती सोनी, श्री दीपक आदि प्राध्यापकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम को संपन्न करवाया।


Programme Details-
Day-1: NAVIGATING UGC-NET PAPER-1
Key Speakers
Sagar Soni
JRF (Economics)
Ishwari Sharma
JRF (Economics)
Veena Sinha
JRF (Hindi)
Day-2:NAVIGATING UGC NET
PAPER -2 (POLITICAL SCIENCE)
Key Speakers
Sameer Bharti
JRF(Political Science)
Geetanjali Sahu
JRF(Political Science)
Surekha Sori
NET(Political Science)
KEY HIGHLIGHTS
• Strategies to crack UGC NET/JRF
• Important topics & syllabus breakdown
• Study plan for paper-1 & 2
• Live Q&A session with speakers
GOVT. DIGVIJAY AUTO. P.G.
COLLEGE,RAJNANDGAON
TWO - DAY WORKSHOP ON UGC NET & JRF
07 & 08 March 2025
ORGANISED BY - DEPARTMENT OF POLITICAL
SCIENCE
Dr. Suchitra Gupta
Principal ,Govt.
Digvijay Auto. P.G.
College
Dr. Amita Baxi
HOD Political
Science
Department
Organising Committee Member
Dr. Rajkumar Banjare
Mr.Sanjay Saptarshi
Organising Secretary
Convenor
Dr. Bharti Soni
Mr. Deepak Kumar




शासकीय दिग्विजय स्वशासी





नवभारत
Rajnandgaon · 08 Mar 2025 · 08rjnd3
epaper.navabharat.news

नवभारत my city

## दिग्विजय महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

राजनांदगांव। आज 7 मार्च को शास. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन व राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता बख्शी के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा JRF/NET/SET पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान के अलावा इतिहास, अर्थशास्त्र,ओडी के छात्रों ने भी इस कार्यशाला का लाभ लिया। दो दिवसीय कार्यशाला का आज प्रथम दिन था जिसमें वक्ता के रूप में महाविद्यालय के ही भूतपूर्व छात्र जिन्होंने स्वयं JRF/NET की परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हें आमंत्रित किया। दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस पर वक्ता सपना सोनी, नीलम विश्वा तथा ईश्वरी साहू के द्वारा NET की परीक्षा के प्रथम प्रश्न पत्र की तैयारी हेतु संपूर्ण जानकारी दी गई इसके पश्चात् वंदना पवार तथा नीलकांत साहू द्वारा द्वितीय प्रश्न पत्र राजनीति विज्ञान की तैयारी हेतु अपनी रणनीति साझा करते हुए संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में JRF/NET/SET पर कार्यशाला का समापन

आज दिनांक 8/3/2025 दिन शनिवार को शास. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन व राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा JRF/NET/SET पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। राजनीति विज्ञान के छात्रों हेतु आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का आज दूसरा दिन था जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के ही भूतपूर्व छात्र जिन्होंने स्वयं JRF/NET की परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हें आमंत्रित किया। दो दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिवस पर वक्ता समीर भारती तथा सुरेखा सोरी तथा गीतांजलि साहू द्वारा द्वितीय प्रश्न पत्र राजनीति विज्ञान की तैयारी हेतु अपनी रणनीति साझा करते हुए संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी द्वारा वक्ताओं को उनके योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

विभाग के डॉ. राजकुमार बंजारे, श्री संजय सप्तर्षि,डॉ.भारती सोनी तथा श्री दीपक आदि प्राध्यापकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम को संपन्न करवाया।

